अणु प्रश्न

प्रश्न 1 गिल्लू किसका नाम है?

प्रश्न 2 सोनजूही में किस रंग की कली खिलती है ?

प्रश्न 3 लेखिका ने लघुप्राण शब्द किसके लिए उपयोग किया है ?

प्रश्न 4 **काकभुशुण्डि** किस पक्षी का नाम है ?

प्रश्न 5 गिल्लू सबसे ज्यादा शौक से क्या खाता था ?

प्रश्न 6 गिलहरी का जीवन काल कितना होता है?

प्रश्न 7 गिलहरियाँ कैसी आवाज **करती हैं** ?

प्रश्न 8 लेखिका को चौकानें की आदत किसकी **थी** ?

प्रश्न 9 गिल्लू नामक रेखाचित्र की लेखिका का नाम क्या है ?

प्रश्न 10 गर्मियों से बचने के लिए गिल्लू क्या करता था ?

प्रश्न 11 गिल्लू की समाधि कहा बनाई गई ?

प्रश्न 12 गिल्लू रेखाचित्र की भाषा कैसी है ?

प्रश्न 13 गिल्लू को सबसे ज्यादा प्रेम किससे था ?

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. गिल्लू रेखाचित्र का अंत–
    1. भावकतापूर्ण
    2. वैचारिक
    3. उत्साहजनक
    4. हताशजन्य
2. गिल्लू ने अन्त समय में लेखिका की उँगली क्यों पकड़ ली थी?
    1. वह लेखिका की उँगली पकड़कर मरना चाहता था।
    2. वह लेखिका के हाथ से काजू खाना चाहता था।
    3. वह लेखिका के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट कर रहा था।
    4. वह लेखिका से पुनः प्राणरक्षा की अपेक्षा करता था।
3. गिल्लू रेखाचित्र की भाषा में कौन सा गुण नही है ?
    1. सहजता
    2. सरसता
    3. जटिलता
    4. दृश्यात्मकता

5. मनुष्य की तरह गिल्लू भी अपनी समस्याआ का समाधान कर लेता था– किस घटना से यह पता चलता है?

1. थाली में बैठकर खाने से
2. सुराही पर सोने से
3. लेखिका का सिर सहलाने से
4. काजू कम खाने से

5. गिल्लू रेखाचित्र के साथ–साथ और किस विधा के नजदीक है?

1. लघुकथा
2. संस्मरण
3. **रिपोर्ताज**
4. डायरी

6. कौवे गिल्लू के साथ छुआ–छुऔवल कर रहे थे इस वाक्य में छुआ–छुऔवल के प्रयोग में है–

1. मुहावरा
2. प्रतीक
3. लोकोक्ति
4. व्यग्य

लघु एवं दीर्घउत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न 1 लेखिका ने गिल्लू पाठ में सोनजूही की पीली कली को क्यों याद किया है– उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 2 घाव ठीक होने के पश्चात् गिल्लू में कैसा परिवर्तन दिखाई पड़ा ?

प्रश्न 3 गिल्लू की कौन सी बात आपको अच्छी लगी और क्यो?

प्रश्न 4 पाठ में गिल्लू का वर्णन इस प्रकार है– ''स्निग्ध रोय, झब्बेदार पूँछ, नीले काँच के मोतियों जैसी आँखे दो नन्हें पजे।'' आप भी किसो पालतू जानवर/पक्षी/मनुष्येत्तर प्राणी का वर्णन इसी प्रकार की भाषा में कीजिए।

प्रश्न 5 सही युग्म बनाइए?

नीलकंठ	मोर
गिल्लू	गिलहरी
गौरा	गाय
सोना	हिरन